संख्या-01/2025/आई/838813/23-1-25-23-1099/148/2024

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-1 **लखनऊ::दिनांक 01 जनवरी, 2025**

विषय- जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड कादीपुर में बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग अनमोल मौर्य के घर से शिवहर्ष तिवारी के घर तक जिला पंचायत, सुल्तानपुर की सड़क (पेन्टिंग/डामरीकृत) का हस्तान्तरण लोक निर्माण विभाग में किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र सं0-आई/92608/2024, दिनांक 20.12.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड कादीपुर में बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग अनमोल मौर्य के घर से शिवहर्ष तिवारी के घर तक जिला पंचायत, सुल्तानपुर की सड़क (पेन्टिंग/डामरीकृत) को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरण किये जाने हेतु निर्णय लेने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश ग्राम सम्पर्क मार्ग अनुरक्षण नीति, 2013 के प्रस्तर-3(3)(1) के प्राविधानानुसार जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड कादीपुर में बिजेथुआ राजापुर सम्पर्क मार्ग अनमोल मौर्य के घर से शिवहर्ष तिवारी के घर तक जिला पंचायत, सुल्तानपुर की सड़क (पेन्टिंग/डामरीकृत) (लम्बाई 0.750 कि0मी0) के स्वामित्व का हस्तान्तरण जिला पंचायत, सुल्तानपुर से लोक निर्माण विभाग में किये जाने की एतदद्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3- कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

राजेश प्रताप सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-01/2025/आई/838813(1)/23-1-25-23-1099/148/2024-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।
2. विशेष सचिव, पंचायती राज अनुभाग-2, उ0प्र0शासन।
3. मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, अयोध्या क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग, अयोध्या ।
5. अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत सुल्तानपुर।
6. अधिशासी अभियंता, प्रा0खं0, लोक निर्माण विभाग, सुल्तानपुर ।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

अभिषेक गंगवार

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।